Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to formulate a plan to prevent annual flood and land erosion in Malda district of West Bengal-laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मालदा उत्तर पश्चिम बंगाल में बाढ़ एवं कटान की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

पश्चिम बंगाल के मालदा जिला का अधिकांश भाग गंगा और फुल्हर नदी के तट पर बसा हुआ है । प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ एवं कटान के कारण तमाम गांव जैसे महानंदा टोला, भिलाई मारी, कहला, देवीपुर, उत्तर, दक्षिण,भकुरिया गांव इत्यादि गावों को बाढ़ एवं कटान के दौरान बहुत क्षति का सामना करना पड़ता है महानंदा टोला एवं भिलाई मारी गांव गंगा नदी से 1.50 मीटर के दूरी पर बचे हुए है एवं जो गांव नदी में विलीन हो चुके है, वे गाँव है : जंजाली टोला, कुली दियारा, हुसैनपुर, चिना बाजार, दुर्गाराम टोला, चौधरी पड़ा, अनूप नगर, इत्यादि गांव ।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि गंगा और फुल्हर नदी से कटान की रोकथाम के लिए स्थायी कार्य योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए तथा अभी तक जो लोग कटान से प्रभावित होकर सड़कों पर जाने को मजबूर हैं उनको पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाए तथा कटान के कारण उनको हुई क्षति का मूल्यांकन करते हुए मुआवजा उपलब्ध कराया जाए ।